भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4058 का उत्तर

पश्चिम बंगाल में रेल अवसंरचना

4058. श्री सौमेंदु अधिकारी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल में रेल अवसंरचना समर्थन ने विकास की सहायता के लिए सरकार के प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2026-27 के दौरान लिए गए/प्रस्तावित रेलवे ट्रैक के विस्तार और आधारी गेज परिवर्तन परियोजनाओं सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए शुरू की गई/विस्तारित की गई/बढ़ाई गई स्टेशनों वाली नई रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पश्चिम बंगाल के लोगों की आजीविका के हित में रेलवे भूमि पर रहने वाले अवैध कब्जाधारियों या अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के उद्देश्य से सामाजिक-आर्थिक प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): हाल के वर्षों में बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन किसी परियोजना में हुई प्रगति को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशत: आने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:-

अवधि	परिव्यय
2009-14	4,380 करोड़ रु. प्रति वर्ष
2026-27	14,205 करोड़ रु. (3 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजनाएं:

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली 83,433 करोड़ रुपए की लागत से कुल 5,148 कि.मी. लंबाई की 63 परियोजनाएं (14 नई लाइन, 04 आमान परिवर्तन और 45 दोहरीकरण) स्वीकृत हैं। सारांश निम्नानुसार है:

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइनें	14	1,056	337	13,872
आमान परिवर्तन	4	1,201	854	3,676
दोहरीकरण/बहुपथन	45	2,891	530	10,401
कुल	63	5,148	1,721	27,949

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने आने वाली तथा हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	रामपुरहाट-मंदारहिल नई लाइन (130 कि.मी.)	908
2	आजिमगंज-मुर्शिदाबाद नई लाइन (7 कि.मी.)	164
3	बर्द्धमान-कटवा आमान परिवर्तन (52 कि.मी.)	696
4	अहमदपुर-कटवा आमान परिवर्तन (52 कि.मी.)	440
5	पाँशकुड़ा-खड़गपुर दोहरीकरण (45 कि.मी.)	408
6	लालगोला-जियागंज दोहरीकरण (23 कि.मी.)	124
7	कृष्णनगर-बेथुयाडहरी दोहरीकरण (28 कि.मी.)	152
8	नबद्वीपधाम-पाटुली दोहरीकरण (22 कि.मी.)	170

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
9	बेथुयाडहरी-पलासी दोहरीकरण (23 कि.मी.)	132
10	अम्बिका कालना-नबद्वीपधाम दोहरीकरण (23 कि.मी.)	145
11	नलहाटी-सागरदिघि दोहरीकरण (26 कि.मी.)	193
12	तमलुक जंक्शन- बासुलिया सुताहाटा दोहरीकरण (24 कि.मी.)	245
13	पलासी-जियागंज दोहरीकरण (54 कि.मी.)	234
14	आजिमगंज-मणिग्राम दोहरीकरण (21 कि.मी.)	150
15	न्यू कूचबिहार-गुमानीहाट दोहरीकरण (29 कि.मी.)	330
16	न्यू कूचबिहार-सामुकतला रोड दोहरीकरण (29 कि.मी.)	445
17	सांइथिया-तारापीठ तीसरी लाइन (22 कि.मी.)	186
18	आमबाड़ी फालाकाटा - न्यू मैनागुड़ी दोहरीकरण (38 कि.मी.)	843
19	बैण्डेल-बैंची-तीसरी लाइन (31 कि.मी.)	546
20	बैंची-शक्तिगढ़ तीसरी लाइन (26 कि.मी.)	424
21	बाज़ार सौ-आजिमगंज जंक्शन दोहरीकरण (42 कि.मी.)	343
22	सागरदिघी-मालदा टाउन दोहरीकरण (25 कि.मी.)	248
23	खड़गपुर-नारायणगढ़ तीसरी लाइन (24 कि.मी.)	270
24	मनिग्राम-निमतिता दोहरीकरण (24 कि.मी.)	713
25	पुरुलिया-कोटशिला दोहरीकरण (36 कि.मी.)	393

चालू परियोजनाएं:

पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णतः/अंशतः आने वाली कुछ परियोजनाएं, जिन्हें शुरू किया गया है, का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रुपए में)
1	चाण्डिल-दामोदर तीसरी लाइन (121 कि.मी.)	1,932

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रुपए में)
2	तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई लाइन (83 कि.मी.)	1,542
3	सिवोक-रंगपो नई लाइन (44 कि.मी.)	11,973
4	बालुरघाट-हिली नई लाइन (30 कि.मी.)	1,209
5	कालियागंज-बुनियादपुर नई लाइन (33 कि.मी.)	1,147
6	कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण (65 कि.मी.)	943
7	खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन (132 कि.मी.)	3,450
8	नारायणगढ़-भद्रक तीसरी लाइन (153 कि.मी.)	3,425
9	कालीपहाड़ी-बख्तरनगर 5वीं लाइन (18 कि.मी.)	350
10	डानकुनि-बाल्टीकुरी तीसरी और चौथी लाइन (18 कि.मी.)	429
11	मुरारई-बड़हरवा तीसरी लाइन (49 कि.मी.)	935
12	राणाघाट-कृष्णानगर सिटी तीसरी लाइन (26 कि.मी.)	446
13	अलुआबाड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन (57 कि.मी.)	1,630
14	साइंथिया - पाकुड़ चौथी लाइन (81 कि.मी.)	1,569
15	सांतरागाछी - खड़गपुर चौथी लाइन (111 कि.मी.)	2,905
16	बारबेंडा-दामरुघुतु दोहरीकरण, दामरुघुतु-बोकारो स्टील सिटी तीसरी और चौथी लाइन (52 कि.मी.)	815
17	राणाघाट-बनगांव दोहरीकरण (33 कि.मी.)	396
18	यार्ड तीसरी लाइन (6 कि.मी.) के रास्ते हिजली से निमपुरा	234
19	न्यू जलपाईगुड़ी- सिलीगुड़ी (7 कि.मी.) का दोहरीकरण	215
20	ठाकुरगंज-सिलीगुड़ी दोहरीकरण (56 कि.मी.)	916
21	रामपुर हाट (12 कि.मी.) पर बाईपास लाइन	190

रेल परियोजनाओं के क्षेत्रीय रेल-वार विवरण भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए जाते हैं।

रेलवे संबंधित राज्य/जिला प्राधिकरणों के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण करती है। भूमि अधिग्रहण के संबंध में सभी गतिविधियां जैसे भू-वंचितों के मुआवजे की राशि का आकलन कार्य आदि राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा राज्य सरकार के राजस्व विभाग द्वारा रेलवे से उसकी मांग करने के बाद भू-वंचितों को दिया जाता है।

राज्य सरकार के साथ समन्वय:

राज्य में रेल संपर्क परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए समन्वयन को सुदृढ़ बनाने, ऐसी परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने एवं कार्यान्वयन के मुद्दों के समन्वित समाधान की सुविधा प्रदान करने के लिए, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कार्य बल का गठन किया गया है।

चिंगड़ीघाटा मामला:

इसके अलावा, अनुरोध किए जाने के लगभग 1.5 वर्ष के पश्चात मई 2026 में कोलकाता मेट्रो के निर्माण के लिए वायाडक्ट खंडों की स्थापना हेतु चिंगड़ीघाटा क्रॉसिंग पर यातायात के अस्थायी मार्ग परिवर्तन की अनुमति राज्य सरकार द्वारा दी गई थी। चिंगड़ीघाटा क्रॉसिंग का कार्य अंततः मई, 2026 में पूरा कर लिया गया है।

पिछले तीन वर्षों (अर्थात् 2023-24, 2024-25, 2025-26 और चालू वित्त वर्ष 2026-27) के दौरान, पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्णत:/अंशत: आने वाली 3,867 किलोमीटर कुल लंबाई के 56 अदद सर्वेक्षणों (11 नई लाइन, 45 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई हैं।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- अनुमानित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम छोर संपर्कता
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन
- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें
- रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ
- सामाजिक-आर्थिक महत्व
- निधियों की समग्र उपलब्धता

रेल अवसंरचना परियोजनाएं क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को सक्षम बनाती हैं, जिसमें शामिल हैं:

- देश के अन्य हिस्सों के साथ क्षेत्र का बेहतर एकीकरण
- वस्तुओं और सेवाओं की तीव्र आवाजाही
- संभार तंत्र दक्षता में सुधार
- लाइन क्षमता बढ़ाना
- क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना
- परिचालनिक बाधाएं कम करना
- क्षेत्र में पर्यटन उद्योग का विकास और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि।

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- विशेष परियोजना स्थल के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के पूरा होने के समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

स्टेशन पुनर्विकास:

रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

इस योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध रूप में उनका कार्यान्वयन करना शामिल हैं। मास्टर प्लान बनाने में प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कार्य शामिल किए गए हैं:

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार
- स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- स्टेशन भवन में सुधार

- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, वाटर-बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पुल/भूमिगत पैदल पार पथ का प्रावधान
- लिफ्ट/एस्केलेटर/रैम्प का प्रावधान
- प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार और प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर का प्रावधान
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान
- पार्किंग क्षेत्र का विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- एयर कॉनकोर्स, एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज, यातायात के साधनों का एकीकरण, भुसुदर्शनीकरण आदि की व्यवस्था।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार संवहनीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों आदि तथा दीर्घकालिक आधार पर स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

अब तक, इस योजना के अंतर्गत विकास के लिए 1340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 102 स्टेशन पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। पश्चिम बंगाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों के नाम निम्नलिखित हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
पश्चिम बंगाल	102	आद्रा, अलीपुरद्वार जं., अलुआबारी रोड, अंबिका कालना, अनारा, अण्डाल जं., अंदुल, आसनसोल जं., अजीमगंज, बगनान, बल्ली, बालुरघाट, बैण्डेल जं., बनगांव जं., बांकुरा, बाराभूम, बारासात, बर्धमान, बैरकपुर, बेल्दा, बरहामपुर कोर्ट, बेथुयादाहारी, भालुका रोड, बिन्नागुड़ी, बिष्णुपुर, बोलपुर शांतिनिकेतन, बर्नपुर, कैनिंग, चंदन नगर, चांदपारा, चंद्रकोना रोड, दलगांव, दलखोला, दनकुनी, धुलियन गंगा, धुपगुड़ी, दीघा, दिनहाटा, दमदम जं., फालाकाटा, गरबेटा, गेडे, हल्दिया, हल्दीबाड़ी, हरिश्चंद्रपुर, हासीमारा, हिजली, हावड़ा जं., जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, जंगीपुर रोड, झालिदा, झारग्राम, जॉयचंडी पहाड़ जं., कालियागंज, कल्याणी, कल्याणी

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
		घोषपारा, कामाख्यागुड़ी, कटवा जं., खगराघाट रोड, खड़गपुर जं., कोलकाता, कृष्णनगर सिटी जं., कुमेदपुर जं., मधुकुंडा, मध्यमग्राम, मालदा कोर्ट, मालदा टाउन, मेचेदा, मेदिनीपुर (मिदनापुर), नवद्वीप धाम, नैहाटी जं., न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कोच बिहार, न्यू फरक्का जं., न्यू जलपाईगुड़ी जं., न्यू माल जं., ओंडाग्राम, पानागढ़, पांडबेश्वर, पंसकुरा जं., पुरुलिया जं., रामपुरहाट जं., राणाघाट, सैंथिया जं., सालबोनी, समसी, सांतरागाछी, सियालदह, शालीमार, शांतिपुर, श्योरफुली जं., श्रीरामपुर, सिलीगुड़ी जं., सीतारामपुर, सिउरी, सोनारपुर जं., सुईसा, तामलुक, तारकेश्वर, तुलिन, उलुबेरिया

पश्चिम बंगाल के स्टेशन जिनका कार्य पूरा कर लिया गया है:

पश्चिम बंगाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में उन स्टेशनों का नाम जहां कार्य पूरा हो गया है, निम्नलिखित हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
पश्चिम बंगाल	13	अनारा, बाराभूम, दीघा, गड़बेता, हल्दिया, हल्दीबाड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, जॉयचंडी पहाड़ जं, कल्याणी घोषपाड़ा, कामाख्यागुड़ी, पानागढ़, सिउरी, तामलुक

पश्चिम बंगाल के अन्य स्टेशनों पर भी विकास कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं और कुछ स्टेशनों पर कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है:

पश्चिम बंगाल के स्टेशन:

- **आसनसोल जंक्शन स्टेशन: दक्षिण विंग की नई स्टेशन बिल्डिंग ब्लॉक नम्बर 4, उत्तरी विंग के बिल्डिंग ब्लॉक 1, 2 और 3 का संरचनात्मक कार्य पूरा कर लिया गया है। दक्षिण विंग**

की नई स्टेशन बिल्डिंग ब्लॉक नम्बर 3 का संरचनात्मक कार्य, 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल के विस्तार और एयर कॉनकोर्स के कार्य शुरु कर दिए गए हैं।

- **न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन स्टेशनः दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन, रेल मेल सेवा कार्यालय भवन और चौथे तल तक नए प्रस्थान स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य पूरा कर लिया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार पर नए आगमन स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य, नए प्रस्थान स्टेशन भवन की पांचवीं और छठी मंजिल का संरचनात्मक कार्य, पोडियम पार्किंग, एलिवेटेड रोड और एयर कॉनकोर्स का काम शुरू कर दिया गया है।**

- **अलुआबारी रोड स्टेशनः प्लेटफॉर्म नं. 2 के विस्तार का कार्य, प्लेटफॉर्म नं. 1 एवं 2 पर प्लेटफॉर्म सतह का सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, पहुँच मार्ग और चहारदीवारी का कार्य पूरा कर लिया गया है। 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल, नया स्टेशन बिल्डिंग ब्लॉक और प्लेटफार्म शेल्टर के सुधार का कार्य शुरू कर दिया गया है।**

- **न्यू फरक्का जंक्शन स्टेशनः स्टेशन भवन के सुधार संबंधी कार्य, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्रवेश बरामदा, संकेतक और रेलगाड़ी संकेत बोर्ड की संस्थापना के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। परिचलन क्षेत्र और पार्किंग के सुधार के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।**

- **बर्धमान स्टेशनः दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन, प्रवेश बरामदा, प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर, शौचालय, प्लेटफॉर्म की सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर में सुधार संबंधी कार्य पूरा कर लिया गया है। 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल और परिचलन क्षेत्र में सुधार का कार्य शुरू किया गया है।**

इसके अलावा, भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों पर विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन शुरू किए जाते हैं। रेलवे स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्य स्टेशन की कोटि/स्थिति/सम्हाले जाने वाले यातायात आदि के आधार पर किए जाते हैं।

पश्चिम बंगाल में गाड़ी सेवाएं:

चूँकि रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकताओं के अनुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियां परिचालित की जाती हैं। बहरहाल, भारतीय रेल यात्रियों की सुविधा के लिए संपर्कता को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करता है और इस उद्देश्य के लिए, भारतीय रेल ने 01.04.2024 से 30.06.2026 की अवधि के दौरान 18 अमृत भारत सेवाओं और

08 वंदे भारत सेवाओं (06 कुर्सीयान और 02 शयनयान) सहित 138 गाड़ी सेवाएं शुरू की हैं जो पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों की जरूरतों को पूरा करती हैं। ये नीचे सूचीबद्ध हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या एवं नाम
1	27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस
2	27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस
3	20871 हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20872 राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22309 हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22310 भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22303 हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस
8	22304 गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
9	20603 नागरकोविल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
10	20604 न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
11	20609 तिरुच्चिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
12	20610 न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुच्चिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
13	16107 ताम्बरम-सांतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस
14	16108 सांतरागाछी-ताम्बरम अमृत भारत एक्सप्रेस
15	16597 एसएमवीटी बेंगलुरु-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
16	16598 अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस
17	17065 चर्लपल्ली-शालीमार अमृत भारत एक्सप्रेस
18	17066 शालीमार-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
19	13435 मालदा टाउन-गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
20	13436 गोमती नगर-मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
21	11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस

22	11032 अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस
23	22587 बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस
24	22588 सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
25	13065 हावड़ा-आनंद विहार (टी) अमृत भारत एक्सप्रेस
26	13066 आनंद विहार (टी)-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस
27	18041 शालीमार-एमजीआर चेन्नै एक्सप्रेस
28	18042 एमजीआर चेन्नै -शालीमार एक्सप्रेस
29	14021 पुरुलिया-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
30	14022 आनंद विहार (टी)-पुरुलिया एक्सप्रेस
31	16523 एसएमवीटी बेंगलुरु-बालुरघाट एक्सप्रेस
32	16524 बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
33	16223 एसएमवीटी बेंगलुरु-राधिकापुर एक्सप्रेस
34	16224 राधिकापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
35	15701 कटिहार-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस
36	15702 सिलीगुड़ी-कटिहार एक्सप्रेस
37	13125 कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस
38	13126 सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस
39	18063 सांतरागाछी -यलहंका एक्सप्रेस
40	18064 यलहंका- सांतरागाछी एक्सप्रेस
41	18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस
42	18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस
43	15675 न्यू जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी एक्सप्रेस
44	15676 गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस
45	18039 शालीमार-पुरी एक्सप्रेस

46	18040 पुरी-शालीमार एक्सप्रेस
47	18015 शालीमार-भांजपुर एक्सप्रेस
48	18016 भांजपुर-शालीमार एक्सप्रेस
49	18017 भांजपुर-पुरी एक्सप्रेस
50	18018 पुरी-भांजपुर एक्सप्रेस
51	13115 सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड एक्सप्रेस
52	13116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह एक्सप्रेस
53	13427 साहिबगंज-हावड़ा एक्सप्रेस
54	13428 हावड़ा-साहिबगंज एक्सप्रेस
55	14011 आनंद विहार (टी)-राधिकापुर एक्सप्रेस
56	14012 राधिकापुर-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
57	58029 सांतरागाछी -दीघा पैसेंजर
58	58030 दीघा- सांतरागाछी पैसेंजर
59	58025 सांतरागाछी -दीघा पैसेंजर
60	58026 दीघा- सांतरागाछी एक्सप्रेस
61	53091 अजीमगंज-कृष्णानगर पैसेंजर
62	53092 कृष्णानगर-अजीमगंज पैसेंजर
63	55055 (63039) कटवा-अहमदपुर मेमू
64	55056 (63040) अहमदपुर-कटवा मेमू
65	63041 अजीमगंज-कासिमबाजार मेमू
66	63042 कासिमबाजार-अजीमगंज मेमू
67	68121 पुरुलिया-हावड़ा मेमू
68	68122 हावड़ा-पुरुलिया मेमू
69	63045 अजीमगंज-कासिमबाजार मेमू

70	63046 कासिमबाजार-अजीमगंज मेमू
71	63057 अजीमगंज-कासिमबाजार मेमू
72	63058 कासिमबाजार-अजीमगंज मेमू
73	63552 आसनसोल-अंडाल मेमू
74	63550 अंडाल जं.-बर्द्धमान मेमू
75	63591 आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू
76	63592 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू
77	63549 बर्द्धमान-आसनसोल मेमू
78	31728 कृष्णानगर-रानाघाट ईएमयू
79	34336 बालीगंज-सोनारपुर ईएमयू
80	34796 सोनारपुर-नामखाना ईएमयू
81	34795 नामखाना-सियालदह ईएमयू
82	34556 सियालदह-कैनिंग ईएमयू
83	34371 कैनिंग-बालीगंज ईएमयू
84	34338 बालीगंज-सोनारपुर ईएमयू
85	33370 बनगांव-बारासात ईएमयू
86	31635 सियालदह-रानाघाट ईएमयू
87	31544 शांतिपुर-सियालदह ईएमयू
88	34866 सोनारपुर-डायमंड हार्बर ईएमयू
89	34883 डायमंड हार्बर-बालीगंज ईएमयू
90	31787 रानाघाट-शांतिपुर ईएमयू
91	33893 दमदम कैंट.-बनगांव ईएमयू
92	33372 बनगांव-बारासात ईएमयू
93	31343 बिधाननगर रोड-कल्याणी ईएमयू

94	31340 कल्याणी-सियालदह ईएमयू
95	31777 बेरहामपुर कोर्ट-लालगोला ईएमयू
96	33328 हसनाबाद-बारासात ईएमयू
97	33329/33324 बारासात-बसीरहाट ईएमयू
98	33471 दमदम कैंट.-बारासात ईएमयू
99	33472 बारासात-दमदम कैंट. ईएमयू
100	33891 दमदम कैंट.-बनगांव ईएमयू
101	37355 हावड़ा-तारकेश्वर ईएमयू
102	37356 तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू
103	33761 रानाघाट-सियालदह ईएमयू
104	33762 सियालदह-रानाघाट ईएमयू
105	31845 सियालदह-कृष्णानगर सिटी ईएमयू
106	31846 कृष्णानगर सिटी-सियालदह ईएमयू
107	33331/33326 बारासात-हसनाबाद ईएमयू
108	33326 हसनाबाद-बारासात ईएमयू
109	31637/31638 सियालदह-रानाघाट ईएमयू
110	31638 रानाघाट-सियालदह ईएमयू
111	52545 सिलीगुड़ी-भागलपुर मेमू
112	52546 भागलपुर-सिलीगुड़ी मेमू
113	35023 बर्द्धमान-कटवा ईएमयू
114	35024 कटवा-बर्द्धमान ईएमयू
115	35061 कटवा-अजीमगंज ईएमयू
116	35062 अजीमगंज-कटवा ईएमयू
117	35041 कटवा-अहमदपुर ईएमयू

118	35042 अहमदपुर-कटवा ईएमयू
119	31847 सियालदह-कृष्णानगर सिटी ईएमयू
120	31848 कृष्णानगर सिटी-सियालदह ईएमयू
121	31344 सियालदह-कल्याणी ईएमयू
122	31347 कल्याणी-सियालदह ईएमयू
123	31881 कृष्णानगर सिटी- आमघाटा हाल्ट ईएमयू
124	31882 आमघाटा हाल्ट-कृष्णानगर सिटी ईएमयू
125	31883 कृष्णानगर सिटी-आमघाटा हाल्ट ईएमयू
126	31884 आमघाटा हाल्ट-कृष्णानगर सिटी ईएमयू
127	31885 कृष्णानगर सिटी-आमघाटा हाल्ट ईएमयू
128	31886 आमघाटा हाल्ट-कृष्णानगर सिटी ईएमयू
129	31761 रानाघाट-गेदे ईएमयू
130	31762 गेदे-रानाघाट ईएमयू
131	31762 गेदे-रानाघाट ईएमयू
132	31764 गेदे-रानाघाट ईएमयू
133	37418 सेवड़ाफुली-तारकेश्वर ईएमयू
134	37417 तारकेश्वर-सेवड़ाफुली ईएमयू
135	31887 कृष्णानगर सिटी-आमघाटा हाल्ट ईएमयू
136	31888 आमघाटा हाल्ट -कृष्णानगर सिटी ईएमयू
137	31889 कृष्णानगर सिटी- आमघाटा हाल्ट ईएमयू
138	31890 आमघाटा हाल्ट-कृष्णानगर सिटी ईएमयू

अन्य बातों के साथ-साथ रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा रेलगाड़ियों को शुरू करने/ विस्तार करने/फेरों में वृद्धि करने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के

प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और व्यावहारिक और उचित पाए जाने पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

इसके अलावा, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना, मौजूद गाड़ी सेवाओं में विस्तार/फेरों में वृद्धि करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो कि विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- **उस खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना उपलब्धता**
- **रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता**
- **खंड की अधिभोगिता और यातायात मांग**

****